सत्यमेव जयते

## राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

**प्रेस विज्ञप्ति–1**

**राजभवन देहरादून 08 अगस्त, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को आई.आर.डी.टी सभागार देहरादून में राज्य स्तरीय तीलू रौतेली एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रदेश की 12 महिलाओं और किशोरियों को तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा आंगनवाड़ी के क्षेत्र में 35 महिलाओं को राज्य स्तरीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सम्मान प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि देवभूमि की नारी शक्ति में वह क्षमता है कि वह अपने दृढ़ निश्चय से हरसंभव चुनौती से निपटने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में महिलाओं को ईश्वर का अलग ही वरदान मिला है। वे अपने जज्बे और क्षमता से बदलाव की क्रांति लाने में सक्षम हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे परिवार में सबसे ताकतवर, सशक्त व क्षमतवान सदस्य हमारी महिलाएं हैं।

राज्यपाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा एवं कल्याण उनके मिशन में सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि यहां की महिलाओं में अद्भुत क्षमता है, उन्हें तकनीकी, अवस्थापना सुविधाओं के माध्यम से मदद देकर उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था में एक नई क्रांति लायी जा सकती है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि उत्तराखण्ड के बिजिनेस को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने के लिए नवीन तकनीकों, डिजिटल माध्यमों से जुडें।

उन्होंने महिलाओं से कहा कि उत्तराखण्ड की धरती पर जन्म लेने वाली वीरांगना तीलू रौतेली से सीख लेते हुए अपने आप को सशक्त करें। राज्यपाल ने कहा कि तीलू रौतेली के शौर्य और बलिदान की भावना हमें प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि तीलू रौतेली जैसी अनेक वीरांगनाएं पैदा हुईं हैं, उन सभी के महान कार्यों को हमें जन–जन तक पहुंचाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के प्रवास पर उत्तराखण्ड की नारी शक्ति के कार्यों को देखने व अनुभव करने का मौका मिला। इससे यह साबित हो गया कि यहां मातृशक्ति ही हमें समृद्ध बना रही है। उन्होंने कहा कि वे आशा, आंगनबाडी और स्वयं सहायता के कार्यों से बेहद प्रभावित हुए हैं। राज्यपाल ने सम्मानित होने वाली सभी महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अन्य महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नारी शक्ति के अमूल्य योगदान से राज्य विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने में आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों को अहम योगदान है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, वे हर कार्य करने में सक्षम हैं। उन्होंने पुरस्कृत होने वाली सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक खजान दास ने भी अपने विचार इस कार्यक्रम के दौरान रखे।

इस अवसर पर सचिव एवं निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास हरि चंद्र सेमवाल के अलावा विभागीय अधिकारी, पुरस्कृत एवं सम्मानित होने वाली महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में 12 महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार एवं 35 महिलाओं को राज्य स्तरीय आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री पुरस्कार प्रदान किया गया। (सूची संलग्न)

...........0...........

3– उक्त दोनों पुरस्कारों हेतु जनपदों से प्राप्त संस्तुति के क्रम में प्रस्तावों का परीक्षण के उपरान्त राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा तीलू रौतेली पुरूस्कार हेतु 12 नामों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती पुरूस्कार हेतु **35** नामों की संस्तुति निम्न विवरण के अनुसार की जाती है –

**1. राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा संस्तुत राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरूस्कार की सूची।**

| **(1) जनपद अल्मोड़ा** | **पुरूस्कार हेतु कार्यक्षेत्र** |
|---|---|
| डॉ. शशि जोशी | साहित्यिक |
| **(2) बागेश्वर** | |
| सुश्री दीपा आर्य | खेल क्षेत्र |
| **(3) चमोली** | |
| सुश्री मीना तिवाड़ी | समाजिक कार्य |
| **(4) चम्पावत** | |
| सुश्री मंजू बाला | प्राथमिक, बालिका शिक्षा एवं सामाजिक कार्य |
| **(5) देहरादून** | |
| सुश्री नलिनी गोसाई | पत्रकारिता |
| **(6) हरिद्वार** | |
| सुश्री प्रियंका प्रजापति | खेल क्षेत्र |
| **(7) नैनीताल** | |
| सुश्री विद्या महतोलिया | शिक्षा एवं स्वच्छता |
| **(8) पौड़ी** | |
| सुश्री सावित्री देवी | अदम्य साहसिक कार्य |
| **(9) पिथौरागढ़** | |
| सुश्री दुर्गा खड़ायत | महिला स्वयं सहायता के क्षेत्र में कार्य |
| **(10) रूद्रप्रयाग** | |
| सुश्री गीता रावत | आजीविका संवर्द्धन |
| **(11) उत्तरकाशी** | |
| सुश्री लता नौटियाल | सामाजिक क्षेत्र |
| **(12) ऊधमसिंह नगर** | |
| कु0 प्रेमा विश्वास | खेल |
| **(13) टिहरी** | जनपद स्तरीय समिति द्वारा एकल आवेदन को निरस्त करने के कार कोई पात्र अभ्यर्थी की संस्तुति नहीं की गयी है। |

1. राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा संस्तुत राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरूस्कार की सूची।

| (1) जनपद अल्मोड़ा | पुरूस्कार हेतु कार्यक्षेत्र |
|---|---|
| डॉ. शशि जोशी | साहित्यिक |
| (2) बागेश्वर | |
| सुश्री दीपा आर्य | खेल क्षेत्र |
| (3) चमोली | |
| सुश्री मीना तिवाड़ी | सामाजिक कार्य |
| (4) चम्पावत | |
| सुश्री मंजू बाला | प्राथमिक, बालिका शिक्षा एवं सामाजिक कार्य |
| (5) देहरादून | |
| सुश्री नलिनी गोसाई | पत्रकारिता |
| (6) हरिद्वार | |
| सुश्री प्रियंका प्रजापति | खेल क्षेत्र |
| (7) नैनीताल | |
| सुश्री विद्या महतोलिया | शिक्षा एवं स्वच्छता |
| (8) पौड़ी | |
| सुश्री सावित्री देवी | अदम्य साहसिक कार्य |
| (9) पिथौरागढ़ | |
| सुश्री दुर्गा खड़ायत | महिला स्वयं सहायता के क्षेत्र में कार्य |
| (10) रूद्रप्रयाग | |
| सुश्री गीता रावत | आजीविका संवर्द्धन |
| (11) उत्तरकाशी | |
| सुश्री लता नौटियाल | सामाजिक क्षेत्र |
| (12) ऊधमसिंह नगर | |
| कु0 प्रेमा विश्वास | खेल |
| (13) टिहरी | जनपद स्तरीय समिति द्वारा एकल आवेदन को निरस्त करने के कार<br>कोई पात्र अभ्यर्थी की संस्तुति नहीं की गयी है। |

# राज्य स्तरीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ती पुरूस्कार हेतु चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ती

| (1) जनपद अल्मोड़ा – बाल विकास परियोजना की संख्या 11 | | | चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ती का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | बाल विकास परियोजना धौला देवी | आंगनवाड़ी केन्द्र पाली | सुश्री सुनीता कोहली |
| 2. | बाल विकास परियोजना ताड़ीखेत | आंगनवाड़ी केन्द्र रायस्टेट | सुश्री कुसुम विष्ट |
| 3. | बाल विकास परियोजना ताकुला | आंगनवाड़ी केन्द्र सुनोली 3 | सुश्री जानकी |
| 4. | बाल विकास परियोजना हवालबाग | आंगनवाड़ी केन्द्र बरसीमी लोधिया | सुश्री कमला नेगी |
| (2) जनपद बागेश्वर – बाल विकास परियोजना की संख्या 03 | | | |
| 5. | बाल विकास परियोजना गरूड़ | आंगनवाड़ी केन्द्र शिकोट–1 | सुश्री हेमा सती |
| (3) जनपद चमोली – बाल विकास परियोजना की संख्या 09 | | | |
| 6. | बाल विकास परियोजना गैरसैंण | आंगनवाड़ी केन्द्र भण्डारी खोड | सुश्री भागा देवी |
| 7. | बाल विकास परियोजना कर्णप्रयाग | आंगनवाड़ी केन्द्र कुक्डई | सुश्री शोभा |
| 8. | बाल विकास परियोजना पोखरी | आंगनवाड़ी केन्द्र भिकोना | सुश्री अभिलाषा देवी |
| (4) जनपद चम्पावत – बाल विकास परियोजना की संख्या 04 | | | |
| 9. | बाल विकास परियोजना चम्पावत | आंगनवाड़ी केन्द्र चौकुनी बोरा | सुश्री अनिता रावत |
| (5) जनपद देहरादून – बाल विकास परियोजना की संख्या 07 | | | |
| 10. | बाल विकास परियोजना डोईवाला | आंगनवाड़ी केन्द्र बागी | सुश्री अर्चना राणा |
| 11. | बाल विकास परियोजना विकासनगर | आंगनवाड़ी केन्द्र केदारावाला–3 | सुश्री सरोज सुयाल |
| 12. | बाल विकास परियोजना कालसी | आंगनवाड़ी केन्द्र टिपाऊ | सुश्री कृतना शर्मा |
| (6) जनपद हरिद्वार – बाल विकास परियोजना की संख्या 11 | | | |
| 13. | बाल विकास परियोजनारूड़की – 2 | आंगनवाड़ी केन्द्र बेलड़ा–2 | सुश्री सीमा रानी |
| 14. | बाल विकास परियोजना लक्सर | आंगनवाड़ी केन्द्र डुंगरपुर | सुश्री कमलेश धीमान |
| 15. | बाल विकास परियोजना बहादराबाद–2 | आंगनवाड़ी केन्द्र गाड़ोवाली | सुश्री रचना |
| 16. | बाल विकास परियोजना भगवानपुर | आंगनवाड़ी केन्द्र सिखरोड़ा 2 | सुश्री उमेश कुमारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (7) जनपद नैनीताल – बाल विकास परियोजना की संख्या 09 | | | |
| 17. | बाल विकास परियोजना हल्द्वानी शहर | आंगनवाड़ी केन्द्र सुभाषनगर –4 | सुश्री ज्योति रावत |
| 18. | बाल विकास परियोजना हल्द्वानी ग्रामीण | आंगनवाड़ी केन्द्र गुनीपुन जीवान्द | सुश्री अंजू सागर |
| 19. | बाल विकास परियोजना धारी | आंगनवाड़ी केन्द्र सलियाकोट तल्ला | सुश्री गीता नयाल |
| (8) जनपद पौड़ी – बाल विकास परियोजना की संख्या 15 | | | |
| 20. | बाल विकास परियोजनाएकेश्वर | आंगनवाड़ी केन्द्र पबोली | सुश्री अनिता देवी |
| 21. | बाल विकास परियोजना यमकेश्वर | आंगनवाड़ी केन्द्र जोंक | सुश्री आशा देवी |
| 22. | बाल विकास परियोजना खिर्सू | आंगनवाड़ी केन्द्र श्रीकोट खण्डाह | सुश्री मीना देवी |
| 23. | बाल विकास परियोजना द्वारीखाल | आंगनवाड़ी केन्द्र सतपुली तल्ली | सुश्री हेमलता बिष्ट |
| 24. | बाल विकास परियोजना कोट | आंगनवाड़ी केन्द्र जामला | सुश्री गिन्नी डंगवाल |
| (9) जनपद पिथौरागढ़ – बाल विकास परियोजना की संख्या 08 | | | |
| 25. | बाल विकास परियोजना विण | आंगनवाड़ी केन्द्र छाना पाण्डेय | सुश्री दीपा पाण्डेय |
| 26. | बाल विकास परियोजना गंगोलीहाट | आंगनवाड़ी केन्द्र टिमटा | सुश्री ज्योति टम्टा |
| (10) जनपद रूद्रप्रयाग – बाल विकास परियोजना की संख्या 03 | | | |
| 27. | बाल विकास परियोजना ऊखीमठ | आंगनवाड़ी केन्द्र लमगौण्डी–1 | सुश्री रंजना अवस्थी |
| (11) जनपद टिहरी – बाल विकास परियोजना की संख्या 09 | | | |
| 28. | बाल विकास परियोजना चम्बा | आंगनवाड़ी केन्द्र गुनोगी–4 | सुश्री मंगला थपलियाल |
| 29. | बाल विकास परियोजना थौलधार | आंगनवाड़ी केन्द्र बाण्डा | सुश्री उमा भट्ट |
| 30. | बाल विकास परियोजना भिलंगना | आंगनबाड़ी केन्द्र बहेड़ा–4 | सुश्री सविता सेमवाल |
| (12) जनपद ऊधमसिंह नगर – बाल विकास परियोजना की संख्या 10 | | | |
| 31. | बाल विकास परियोजना सितारगंज | आंगनवाड़ी केन्द्र देवनगर–3 शक्तिफार्म | सुश्री स्नेहलता मल्लिक |
| 32. | बाल विकास परियोजना रूद्रपुर ग्रामीण | आंगनवाड़ी केन्द्र शिमला पिस्तौर 2 | श्रीमती रचना रानी |
| 33. | बाल विकास परियोजना खटीमा | आंगनवाड़ी केन्द्र खुदागंज 17 मील | सुश्री मीरा देवी |
| (13) जनपद उत्तरकाशी – बाल विकास परियोजना की संख्या 06 | | | |
| 34. | बाल विकास परियोजना भटवाड़ी | आंगनवाड़ी केन्द्र लदाड़ी–2 | सुश्री सुमित्रा |
| 35. | बाल विकास परियोजना डुंडा | आंगनवाड़ी केन्द्र शाखा मातली | सुश्री लक्ष्मी नौटियाल |